NATIONAL HOUSING BANK

Azadi Ka Amrit Mahotsav

प्रेस विज्ञप्ति

14 दिसम्बर, 2021

राष्ट्रीय आवास बैंक का अहमदाबाद, गुजरात में लोकसंपर्क कार्यक्रम "जनता से जुड़ना"

राष्ट्रीय आवास बैंक (रा.आ.बैंक) के अहमदाबाद क्षेत्रीय प्रतिनिधि कार्यालय ने दिनांक 14 दिसंबर, 2021 को अहमदाबाद में "आज़ादी का अमृत महोत्सव" के अंतर्गत आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों में ***"जनता से जुड़ना"*** लोकसंपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया।

श्री लोचन सेहरा, आईएएस, सचिव (आवास एवं निर्मल गुजरात), शहरी विकास तथा शहरी आवास विभाग, गुजरात सरकार लोकसंपर्क कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। श्री वी. वैदीश्वरण, कार्यपालक निदेशक, राष्ट्रीय आवास बैंक, श्री विनीत सिंघल, महाप्रबंधक, राष्ट्रीय आवास बैंक, श्री अभिषेक कुमार सिन्हा, उप महाप्रबंधक, वित्तीय समावेशन एवं विकास, भारतीय रिज़र्व बैंक, अहमदाबाद, श्री बलदेव पटेल, सहायक महाप्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा (एसएलबीसी गुजरात) तथा श्री मनोज विश्वनाथन, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड सहित गणमान्य अधिकारियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सहभागियों में बैंक, आ.वि.कं. आरआरबी एवं एसएलएनए के अधिकारी शामिल थे। लोकसंपर्क कार्यक्रम में बैंकों, आवास वित्त कंपनियों (आ.वि.कं), क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, लघु वित्त बैंकों, राज्य आवास नोडल एजेंसियों आदि के 80 से अधिक अधिकारियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान भारत तथा गुजरात में आवास एवं आवास वित्त में नई चुनौतियों एवं अवसरों पर फोकस करते हुए विचार-विमर्श हुआ। विचार-विमर्श के दौरान, इस बात पर जोर दिया गया कि सभी हितधारकों जैसे बैंकों तथा आ.वि.कं. को परस्पर समन्वय के साथ मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि सभी को औपचारिक आवास वित्त विशेष रूप से निम्न एवं मध्यम आय वर्ग के लोगों के लिए सुलभ, किफायती एवं सुगमता से उपलब्ध हो। सचिव, आवास, गुजरात सरकार ने सहभागियों के साथ विचार-विमर्श के दौरान भूमि प्रयोग संपरिवर्तन, मलिन-बस्ती पुनर्विकास एवं निम्न आय वर्ग के लिए किफायती आवास में त्वरित अनुमोदन सहित सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का उल्लेख किया है। सभी हितधारकों एवं सहभागियों ने भारत के सभी नागरिकों के लिए "सबके लिए आवास" के सपने को वास्तविकता में परिवर्तित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दर्शायी।

राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा 14 दिसंबर, 2021 को अहमदाबाद, गुजरात में आयोजित लोकसंपर्क कार्यक्रम "जनता से जुड़ना" की कुछ झलकियाँ

****